दिन– बुधवार दिनांक– 21/05/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के राजनयिक वैश्विक सम्पर्क के लिए गठित सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में से पहला दल आज चार देशों की यात्रा पर रवाना होगा।

02. सर्वोच्च न्यायालय में आज भी वक्फ संशोधन अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई होगी।

03. निगरानी जांच ब्यूरो ने अररिया जिले के रानीगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी और लेखापाल को डेढ़ लाख रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

04. और, मौसम विभाग ने आज कटिहार, किशनगंज और पूर्णियां जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति से दुनिया को अवगत कराने के लिए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का पहला दल आज चार देशों की यात्रा पर रवाना होगा। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो और सियरा लियोन का दौरा करेगा। श्री शिंदे ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को कैसे बढावा दे रहा है, इसकी जानकारी पूरे विश्व को दी जाएगी।

———बाईट———

जिस जिस देश में हमलोग जा रहे हैं, जिस तरह से भारत का स्टैंड, पक्ष वहां पर रखना है और जिस तरीके से भारत इतने सालों तक टेररिजम से लडता आया है, जिस तरीके से पाकिस्तान भारत पर हमले करता आया है, टेररिजम को बढ़ावा देने का काम कर रहा है, अलग–अलग टेररिस्ट ऑर्गनाजेशन को पनाह भी देने का काम कर रहा है। पाकिस्तान जिस प्रकार से ये कारनामें इतने सालों से कर रहा है, वह पूरी दुनिया को भी पता होना जरूरी है।

जनता दल यूनाइटेड के सांसद संजय झा के नेतृत्व में दूसरा प्रतिनिधिमंडल कल इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर रवाना होगा। डीएमके सांसद कनि मोई के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल स्पेन, ग्रीस, स्लोवेनिया, लातविया और रूस जाएगा। सांसद संजय झा ने कहा कि भारत ने आतंकवाद से निपटने के लिए नया तरीका अपनाया है।

———बाईट———

नौ जून टारगेट से पाकिस्तान में जहां से जैसे जैस–ए–मोहम्मद, लश्कर–ए–ताइबा का मेन हेडक्वार्टर था, उसको डेमोलिश किया, इनसाइट महावलपुर तक जाकर के टेररिस्ट कैंप को खत्म किया, जहां हमलोग जा रहे हैं ये

बताने कि पूरा दुनिया में जहां आतंकवाद होता है, उसका जो रूट है वह पाकिस्तान में है। पूरा वहां की सरकार और वहां का आर्मी वहां पर इन्वॉल्व है।

—————————————————————————

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की जबरदस्त सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम परमवीर चक्र विजेता मेजर होशियार सिंह का स्मरण कर रहे हैं।

———बाईट———

—————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय में आज भी वक्फ संशोधन अधिनियम दो हजार पच्चीस की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई होगी। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ आज इस मामले में केंद्र सरकार का पक्ष सुनेगी। कल हुई सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि इस कानून पर रोक लगाने के लिए मजबूत मामला पेश करना होगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि संसद द्वारा पारित कानूनों में तब तक अदालतें हस्तक्षेप नहीं करतीं, जब तक कि उनमें स्पष्ट रूप से असंवैधानिकता साबित न हो जाए।

—————————————————————————

गृह मंत्रालय ने पद्म पुरस्कार दो हजार छब्बीस के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। नामांकन 31 जुलाई तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑन लाइन किया जा सकता है। मंत्रालय ने कहा है कि सभी आवश्यक जानकारियां पोर्टल पर विशेष फॉर्मेट में दी जानी चाहिए। उसमें जिन व्यक्तियों को पुरस्कार देने का अनुमोदन किया जा रहा हो उनकी विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों का भी संदर्भ सहित स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

—————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सह–कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि किसानों को खेती–बाड़ी से संबंधित जानकारियां स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध कराई जाएगी। श्री सिन्हा पटना में खरीफ महाभियान सह–कार्यशाला के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरल हिन्दी भाषा में कृषि योजनाओं और तकनीकी कार्यक्रमों का नाम रखने से किसानों को काफी लाभ होगा।

———बाइट———

—————————————————————————

राज्य के प्रारंभिक स्कूलों में सात हजार दो सौ उनासी विशेष शिक्षकों की नियुक्ति होगी। इनमें कक्षा एक से पांच के लिए पांच हजार पांच सौ चौंतीस विशेष विद्यालय अध्यापक के पद हैं। कक्षा छह से आठ के लिए कुल एक हजार सात सौ पैंतालीस रिक्त पद हैं। नियुक्ति के संबंध में शिक्षा विभाग ने बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी को दिशा–निर्देश भेजते हुये शीघ्र विज्ञापन जारी करने का अनुरोध किया है।

———————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने राज्य के अंगीभूत महाविद्यालयों में लॉटरी सिस्टम से प्राचार्यों की पोस्टिंग प्रक्रिया पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति राजेश वर्मा की एकल पीठ ने इस संबंध में राजभवन द्वारा जारी अधिसूचना पर रोक लगाने का आदेश दिया। साथ ही न्यायालय ने कहा कि यदि राजभवन चाहे तो अधिसूचना में सुधार करके नये अधिसूचना जारी कर सकता है। मामले की अगली सुनवाई सोलह जून को होगी।

———————————————————————————

चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से राज्य के अधिकांश हिस्सों के मौसम में बदलाव हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। वहीं, दक्षिणी हिस्सों में भी कई जगहों पर बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग ने आज कटिहार, किशनगंज और पूर्णियां जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, शिवहर, सीतामढ़ी और मधुबनी जिले में कई जगहों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की सम्भावना है।

———बाईट———

———————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने अररिया जिले के रानीगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी रितम कुमार चौहान और लेखापाल आदित्य प्रियदर्शी को डेढ़ लाख रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सरकारी कर्मी एक संवेदक से योजना का बिल पास कराने के एवज में घूस ले रहे थे।

———————————————————————————

वैशाली जिले के छह स्वास्थ्य उपकेन्द्रों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए राज्यस्तरीय, एनक्यूएएस का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

———————————————————————————

सुपौल जिले में बारह सदस्यीय केन्द्रीय उच्चस्तरीय समिति ने पूर्वी कोसी तटबंध और चतरा तथा कुलटेगौरा में चल रहे बाढ पूर्व कटाव निरोधक कार्य का निरीक्षण किया।

——————————————————————

बेगूसराय में एसटीएफ और पुलिस की टीम ने अपराधियों के साथ हुई मुठभेड़ के बाद कुख्यात अपराधी रणवीर महतो को गिरफ्तार कर लिया है।

——————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के हरैया थाना क्षेत्र अन्तर्गत मैत्री पुल के पास से पुलिस ने पच्चीस हजार रूपये के इनामी अपराधी विजय दास को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी पर मादक पदार्थों की तस्करी के कई मामले दर्ज है।

——————————————————————

अररिया जिले की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में दोषी वैजू मुर्मू को आजीवन कारावास और दस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

——————————————————————

बिहार एसटीएफ ने नवादा, गया और औरंगाबाद से तीन नक्सली समेत दस अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

——————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बाढ़–सूखा से निपटने की तैयारी इसी महीने। मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर दिये निर्देश।

दैनिक जागरण ने लिखा है– छब्बीस से अट्ठाईस मई तक अभियान चला पंचायतों में बनेगा आयुष्मान कार्ड।

दैनिक भास्कर लिखता है– बिहार में नहीं हैदराबाद में होगा वीमेंस कबड्डी वर्ल्ड कप।

प्रभात खबर की सुर्खी है– पीएम मोदी राजस्थान के बीकानेर से थावे और पीरपैंती स्टेशन के पुनर्विकास का कल करेंगे उद्घाटन।

प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर जयंत विष्णु नारलीकर और एम. आर. श्रीनिवासन के निधन की खबर को राष्ट्रीय सहारा ने पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

आज अखबार ने सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश को पहले पन्ने पर प्रकाशित करते हुये लिखा है– सिविल जज के लिए अब तीन साल वकालत जरूरी।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के राजनयिक वैश्विक सम्पर्क के लिए गठित सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में से पहला दल आज चार देशों की यात्रा पर रवाना होगा।

02. सर्वोच्च न्यायालय में आज भी वक्फ संशोधन अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई होगी।

03. निगरानी जांच ब्यूरो ने अररिया जिले के रानीगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी और लेखापाल को डेढ़ लाख रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

04. और, मौसम विभाग ने आज कटिहार, किशनगंज और पूर्णियां जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।